



## एक नजर में

### अशोक ट्रेवल्स की लापरवाही से यात्रियों को भारी परेशानी



**पिपलियामण्डी।** मंदसौर से दिल्ली जा रही अशोक ट्रेवल्स की बस (क्र. NL07B3636) तय समय से ढाई घंटे देरी से पहुंची, जबकि भीषण गर्मी के बीच एसी बंद रहा। यात्रियों ने बताया कि स्टाफ ने न तो सही जानकारी दी और न ही समाधान। निम्बाहेड़ा में विरोध के बाद दूसरी बस मंगवाई गई, लेकिन तब तक महिला व वृद्ध यात्रियों की हालत बिगड़ चुकी थी। सीटों में हेरफेर और स्टाफ की असंवेदनशीलता को लेकर भी यात्रियों ने नाराजगी जताई। यात्रियों ने आरटीओ से सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि बस संचालकों की मनमानी पर रोक लगनी चाहिए।

### मालवीय बने संयुक्त संघर्ष मोर्चा मंडी के जिला अध्यक्ष



**मंदसौर।** मंगलवार को कृषि उपज मंडी दलौदा में पदस्थ मंडी निरीक्षक हीरालाल मालवीय( डायमंड) को संयुक्त संघर्ष मोर्चा मंडी बोर्ड भोपाल की प्रदेश स्तरीय कार्यकारिणी में प्रांताध्यक्ष अंगिरा पांडे मंडी बोर्ड ऑफिसर्स एम्प्लाइज एसोसिएशन, रामवीर किरार प्रांताध्यक्ष मंडी कर्मचारी महासंघ भोपाल नैन सिंह सोलंकी अज्जाक्स शाखा मंडी बोर्ड, वीरेंद्र कुमार नरवरिया प्रांताध्यक्ष म प्र मंडी बोर्ड कर्मचारी एकता संघ भोपाल संतोष सिंह दीक्षित म प्र कर्मचारी कांग्रेस भोपाल के संयुक्त सहमति से अतुल पंड्या उज्जैन के अनुमोदन पर मंदसौर जिला अध्यक्ष पद पर हीरालाल मालवीय (डायमंड) को संयुक्त संघर्ष मोर्चा म. प्र. मंडी बोर्ड मंदसौर जिले का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। मालवीय के जिला अध्यक्ष नियुक्त होने पर मंडी परिवार व इष्टमित्रों में हर्ष की लहर व्याप्त है, तथा सोशल मीडिया के माध्यम से बधाईया भी प्राप्त हों रही है।

### बिना लाईसेन्स के उर्वरकों का भण्डारण एवं विक्रय करने पर पुष्कर कुमावत के विरुद्ध एफआईआर दर्ज

**मंदसौर।** वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विकासखंड सीतामऊ द्वारा बताया गया कि पुष्कर कुमावत निवासी पतलासी कला तहसील सीतामऊ का निरीक्षण किया। निरीक्षण करने पर पाया गया कि पुष्कर कुमावत के द्वारा बिना लाईसेन्स के उवर्रकों का भण्डारण एवं विक्रय करना पाया गया। पुष्कर कुमावत के द्वारा बिना लाइसेंस के उर्वरक विक्रय एवं भंडारण उर्वरक गुण (नियंत्रण) आदेश 1985 की धारा 7 एवं बिना लाइसेंस के कीटनाशक का विक्रय एवं भंडार कीटनाशक अधिनियम 1968 की धारा 29 का उल्लंघन किया गया। अपराध धारा उर्रवरक नियंत्रण आदेश 1985 की धारा 7 तथा आवश्यक वस्तु अधिनीयम 1955 की धारा 3(7) के तहत एफआईआर दर्ज की गई।



## 13 दिवसीय आध्यात्मिक उत्सव का भव्य समापन

▶ 11000 सहजन पौधों का वितरण, 24 रुद्र पूजाएं, 45 गुरु पूजाएं एवं पदयात्रा ने शिव-गुरु कृपा का कराया अनुभव

**गुरुदेव के प्रति भक्ति और समर्पण**

हर गांव और नगर में गुरुदेव श्री श्री रविशंकर के प्रति भक्ति, श्रद्धा और समर्पण की अद्वितीय छवि देखने को मिली। यह आयोजन न केवल वैदिक परंपराओं की पुनर्स्थापना का प्रयास रहा, बल्कि ग्रामीण जीवन में सकारात्मक ऊर्जा, शांति और समृद्धि का संचार भी किया।

**सेमली (मंदसौर)। पूज्य गुरुदेव श्री श्री रविशंकर की संस्था आर्ट ऑफ लिविंग के वैदिक धर्म संस्थान के तत्वावधान में आयोजित 13 दिवसीय आध्यात्मिक उत्सव का भव्य समापन 22 जुलाई को हुआ।** इस अद्भुत आध्यात्मिक यात्रा का शुभारंभ 10 जुलाई को ग्राम पंचायत सेमली स्थित श्री श्री गोशाला में दक्षिण मूर्ति होम से हुआ था।

इस पूरे आयोजन का संचालन बेंगलुरु आश्रम से पधारे स्वामी आत्मरूप के सान्निध्य में हुआ। उत्सव के अंतर्गत विभिन्न गांवों और कस्बों में 24 रुद्र पूजाएं, 45 गुरु पूजाएं, पद यात्रा और 11000 सहजन पौधों का वितरण संपन्न हुआ। गुरुपूर्णिमा के पावन अवसर से प्रारंभ हुआ यह उत्सव श्रद्धा, सेवा और आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत संगम रहा। अभियान के प्रारंभ में 11,000 सहजन के पौधों का वितरण किया गया। यह पौधे क्षेत्र के कई गांवों में पहुँचाए गए। इस दौरान लोगों को सहजन के औषधीय गुणों एवं स्वास्थ्य लाभों की जानकारी दी गई। मंदसौर और रतलाम जिलों के लगभग 30 गांवों और कस्बों में आयोजित किया गया, जिनमें सेमली, तरनोद, भैंसोला, देवपुरा, डाबड़ा, बोरखेड़ी, बागरी खेड़ा, रूनीजा, गैलाना सहित अन्य ग्राम शामिल रहे.इस आयोजन में ग्राम पंचायतों और स्थानीय नेतृत्व की भागीदारी विशेष उल्लेखनीय रही। प्रमुख रूप से सहयोग देने वालों में - सरपंच दरबार सिंह (तरनोद), कमल सिंह भैंसोला, वकील सिंह देवपुरा, डॉ. गोपाल सिंह हरनावदा, प्रहलाद सिंह सेमली, सुषमा कुंवर, सुमेर सिंह देवड़ा। सुमेर सिंह देवड़ा (आर्ट ऑफ लिविंग शिक्षक), सचिन गंवाने, शंकर सिंह सोलंकी, दशरथ सिंह तरनोद, प्रहलाद सिंह (सेमली), भूपेंद्र सिंह एडवोकेट (डाबड़ा), लक्ष्मण सिंह राजा भैया (बोरखेड़ी), जगदीश परमार (बागरी खेड़ा),आदि थे।

### मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के नवीन आवेदन लेने की प्रक्रिया पूर्णत: बंद

नवभारत न्यूज

**मंदसौर।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास बी. एल. विश?नाई द्वारा बताया गया कि मंदसौर जिले मे विगत दिनों से कुछ संगठन, यूनियन एवं अन्य लोगो द्वारा गांव एवं शहरों की माता एवं बहनों से लाड़ली बहना योजना के नवीन आवेदन फार्म भरवाने के नाम पर अवैध वसूली किये जाने की सूचना प्राप्त हुई है। तथा फार्म भरने के आवेदन तैयार कर उनको भ्रमित किया जा रहा है। वर्तमान में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के नवीन पंजीयन आवेदन लेने की प्रक्रिया पूर्णत: बंद है, इस योजना के तहत नवीन पंजीयन नही हो रहे है।यदि किसी व्यक्ति या बेनाम संगठन या यूनियन द्वारा मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के संबंध में कोई भ्रामक जानकारी दी जाती है या अवैध वसूली किये जाने का प्रयास किया जाता है, तो इसकी सूचना तत्काल जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग जिला मंदसौर के दूरभाष नम्बर 07422-235543 पर दे सकते हैं।



## बड़े महादेव क्षेत्र में नशा मुक्ति अभियान का आयोजन

▶ नशे से दूरी है जरूरी का दिया गया संदेश, श्रद्धालुओं ने ली नशा मुक्त जीवन की शपथ

**भानपुरा। विन्ध्याचल पर्वत श्रंखला में स्थित धार्मिक स्थल बड़े महादेव पर मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय द्वारा संचालित नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान का उद्देश्य समाज को नशे से मुक्त एवं स्वस्थ बनाना है।**

कार्यक्रम के दौरान तहसीलदार भानपुरा विनोद शर्मा तथा थाना प्रभारी निरीक्षक आर.सी. डांगी ने उपस्थित श्रद्धालुओं व पर्यटकों को संबोधित करते हुए नशा मुक्ति के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने नशे से दूरी है जरूरी जैसे संदेश के माध्यम से लोगों को जागरूक करते हुए नशे के दुष्परिणामों की जानकारी दी।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और पर्यटकों ने नशा मुक्त जीवन जीने की शपथ ली। अभियान के माध्यम से आमजन में नशे के खिलाफ सकारात्मक सोच को प्रोत्साहित किया गया और युवाओं को इससे दूर रहने का संदेश दिया गया।

प्रशासन द्वारा चलाया जा रहा यह अभियान न केवल सामाजिक सुधार की दिशा में एक पहल है, बल्कि यह आने वाली पीढ़ियों को स्वस्थ एवं संयमित जीवन की ओर प्रेरित करने का प्रयास भी है।

**एक नजर** | जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने किया भाजपा जिला कार्यालय पर विधिवत शुभारंभ

## कार्यकर्ताओं व आगंतुकों के लिए डिजिटल कियोस्क की शुरुआत



**मंदसौर। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय मंदसौर में तकनीकी नवाचार के तहत एक नई पहल की गई है। कार्यकर्ताओं और आम जन के लिए अब कार्यालय में आगमन पर डिजिटल पंजीयन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इस हेतु जिलाध्यक्ष कक्ष में एक डिजिटल कियोस्क स्थापित किया गया है, जिसका शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित द्वारा विधिवत रूप से पूजा-अर्चना कर किया गया।**

इस डिजिटल कियोस्क के माध्यम से जिले के विभिन्न मंडलों से आने वाले भाजपा कार्यकर्ता एवं आगंतुक अपना नाम, मोबाइल नंबर, पता एवं आने का उद्देश्य दर्ज कर सकेंगे। इससे न केवल कार्यालय में आगंतुकों की जानकारी सुव्यवस्थित रहेगी, बल्कि जिलाध्यक्ष के विभिन्न प्रवासों के दौरान भी कार्यालय को अद्यतन सूचनाएं प्राप्त होती रहेंगी। यह नवाचार कार्य प्रणाली में पारदर्शिता एवं कार्यकुशलता को बढ़ावा देगा।डिजिटल कियोस्क के शुभारंभ अवसर पर सहकारिता प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक मदनलाल राठौर, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल कियावत, मुकेश काला, जिला पदाधिकारीगण शिवराज सिंह राणा, संजय मुरडिया, राजेश नामदेव, राजेश पालीवाल, राजु चावला, पारस मावर, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर, विजय सुराना, अंकित सोनी, निलेश जैन, भाजपा मंडल अध्यक्षगण विकास सुराणा, नेपाल सिंह सिसोदिया, भाजपा नेता बंशीलाल पाटीदार, हेमंत धनोतिया, राजेश पाटीदार बूढ़ा, बंशीलाल धनगर उपस्थित रहे।इस अवसर पर सभी ने इस तकनीकी पहल की सराहना करते हुए इसे संगठन की कार्यशैली को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।



## नि : शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

**मंदसौर। वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केन्द्र के डॉ. जी.एस. चुण्डावत द्वारा बताया गया कि कृषि विज्ञान केन्द्र, मन्दसौर एवं जिला आयुष विभाग, मन्दसौर के संयुक्त तत्वाधान में मानव स्वास्थ्य शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत भवन, मेनपुरिया में किया गया।** शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण के उपरांत उपचार कर आवश्यक औषधियों का वितरण किया गया। शिविर के दौरान एकत्रित सभी ग्रामवासी एवं बच्चों को स्वच्छता एवं अच्छे स्वास्थ्य लाभ हेतु जानकारी दी । शिविर में कृषि विज्ञान केन्द्र, मन्दसौर से डॉ. एस.पी. त्रिपाठी, डॉ. निशिथ गुप्ता, डॉ. राजेश गुप्ता एवं राकेश अस्के तथा आयुष विभाग, मन्दसौर के जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ. कमलेश धनोतिया के दिशा निर्देश के तहत डॉ. अजय परमार, डॉ. दिव्या रानी परमार, डॉ. श्वेता रामावत डॉ. तरूण पॅवार, प्रगति बामनिया, मंजु पिघोलिया, जयपाल सुनार्थी एवं दर्शन सुनवानिया ने सेवाएं दी।

# नीमच

## एक नजर में

### जूही जैन डॉ . श्यामा प्रसाद मुखर्जी राष्ट्रीय विचार मंच की राष्ट्रीय मंत्री नियुक्त



**नीमच।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी राष्ट्रीय विचार मंच (नई दिल्ली भारत) में नीमच की जूही जैन को अहम और बड़ी जिम्मेदारी मिली है, उन्हें राष्ट्रीय मंत्री के पद पर नियुक्त किया गया है। जारी पत्र में बताया गया है कि, (जूही जैन) आपको डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी राष्ट्रीय विचार मंच के राष्ट्रीय मंत्री महिला प्रकोष्ठ भारत के पद पर नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति पत्र राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील कुमार सरावगी की अनुशंसा पर की गई है, आप होनहार प्रगतिशील प्रभावशाली व्यक्तित्व के धनी है, आप मंच के साथ मिलकर कार्य करें। यह नियुक्ति पत्र आगामी आदेश दिनांक 22/07/2025 को जारी किये गए है, 3 साल के लिए यह नियुक्ति प्रदान की गई है।

### ग्राम चचोर में निश्शुल्क आयुर्वेद स्वास्थ्य शिविर संपन्न



**नीमच।** आयुष विभाग के शासकीय आयुष औषधालय ग्राम चचोर द्वारा ग्राम रायपुरिया में मंगलवार को नि:शुल्क आयुर्वेद स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर में लाभार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हे नि:शुल्क औषधियाँ वितरित की गईं। साथ ही मौसम अनुसार दिनचर्या व ऋतुचर्या के महत्व को समझाया। ग्रामीणों को आयुर्वेदिक जीवनशैली अपनाने हेतु प्रेरित किया। इस शिविर का कुल 87 लाभार्थियों ने लाभ लिया।

### कृषि उपज मंडी में नीलामी कार्य चार दिवसों तक पूर्णत : बंद रहेगा

**नीमच।** व्यापारी संघ, मंडी प्रांगण नीमच द्वारा जारी सूचना के अनुसार आगामी दिनों में आने वाले धार्मिक एवं साप्ताहिक अवकाशों के कारण नीमच कृषि उपज मंडी में नीलामी कार्य चार दिवसों तक पूर्णत: बंद रहेगा।नीलामी कार्य जिन दिनों स्थगित रहेगा, वे इस प्रकार हैं- गुरुवार, दिनांक 24 जुलाई 2025 को हरियाली अमावस्या, शनिवार, दिनांक 26 जुलाई 2025 को चतुर्थ शनिवार रविवार दिनांक 27 जुलाई 2025 साप्ताहिक अवकाश और सोमवार दिनांक 28 जुलाई 2025 सावन सोमवार होने के चलते मंडी में नीलामी का कार्य नहीं किया जाएगा। व्यापारी संघ नीमच ने किसानों से भी अपील की है कि वे अवकाश के दिनों में मंडी में माल लेकर ना पहुंचे।

## गुजर्र गौड़ ब्राह्मण की धर्मशाला में नवगठित कार्यकारिणी का शपथ समारोह



**नीमच/ भादवा माता। संगठित रह समाज के विकास में योगदान दे उपरोक्त विचार अखिल भारतवर्षीय श्री गुर्जरगौड ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय प्रभारी, समाजसेवी, भामाशाह व पूर्व पुलिस उप अधीक्षक ओम प्रकाश उपाध्याय ने रविवार को नीमच जिला स्थित भादवा माता में श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण ब्राह्मण समाज की धर्मशाला के नव निर्वाचित अध्यक्ष बद्रीलाल पुरोहित के शपथ विधि ग्रहण व वृद्ध महिला सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किये।**

समारोह में विभिन्न राज्यों से आए ट्रस्टियों व समाज जनो, सामाजिक संगठनों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष बद्रीलाल पुरोहित को माल्यार्पण कर शाल ओढ़ा,साफा बंधा व राज राजेश्वर भगवान श्री परशुराम के चित्र व अभिनन्दन पत्र भेंट कर स्वागत अभिनंदन किया। समारोह में नये न्यासियों ने सदस्यता ग्रहण की। अतिथियों को ट्रस्टियों ने माल्यार्पण कर तिलक निकाल कर स्वागत अभिनन्दन किया। समारोह के अन्त में पूर्व धर्मशाला अध्यक्ष कन्हैयालाल तिनक्याखेडी के असामयिक निधन पर दो मिनट का शोक व्यक्त कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। समारोह के अन्त में वृक्षारोपण भी किया गया। समारोह की शुरुआत महर्षि गौतम के चित्र पर अतिथियों द्वारा पूजा अर्चना के साथ हुई। इससे पूर्व अतिथियों का धर्म शाला पहुंचने पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष बद्रीलाल पुरोहित, कार्यकारिणी,न्यासियों तथा समाज जनो ने ढोल ढमाको तथा आतिशबाजी के साथ भव्य स्वागत अभिनंदन किया।

उपाध्याय ने विभिन्न राज्यों से आए धर्मशाला के स्थाई ट्रस्टियों व समाजजनो के एक साथ एकत्रीकरण पर अभिभूत होते हुए अपनी ओर से परम्परागत रूप से हर संभव योगदान संकल्प व्यक्त करते हुए उपस्थित समाजजनो , नवनिर्वाचित अध्यक्ष बद्रीलाल पुरोहित व कार्यकारिणी से धर्म शाला में विकास के नये आयाम स्थापित करने बाबत संगठित रह समाज व धर्म शाला के उतरोतर विकास में योगदान का आह्वान किया। मुख्य अतिथि उपाध्याय ने इस अवसर पर नव निर्वाचित अध्यक्ष बद्रीलाल पुरोहित व छब्बीस सदस्यीय कार्यकारिणी को भगवान महर्षि गौतम को साक्षी रख निष्ठा, ईमानदारी, त्याग व समर्पण भाव से सेवा करने की पद व गोपनीयता की शपथ ग्रहण कराई। इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष एडवोकेट भट्ट ने अपने अनुज भ्राता स्वर्गीय दिनेश भट्ट की पुण्य स्मृति में एक कमरा बनाने की भी घोषणा की। समारोह में उद्योगपति, महासभा के राष्ट्रीय महासचिव व मध्य प्रदेश के प्रभारी राजेश तिवारी ने बतौर विशिष्ट अतिथि अपने सम्बोधन में पूर्व ट्रस्ट अध्यक्ष कन्हैयालाल शर्मा तिन्क्याखेडी के असामयिक निधन पर दुख व्यक्त करते हुए उनके कार्यकाल में हुए धर्मशाला के विकास को प्रेरणादाई बताया। महासभा राष्ट्रीय महासचिव तिवारी ने विद्यार्थियों के संस्कार , शिक्षा व स्वास्थ्य पर अभिभावकों से समुचित ध्यान देने का आह्वान किया।



## समाजोत्थान की दिशा में एक नई पहल

▶ नवीन साप्ताहिक समाचार पत्र नमो मातृभूमि भारतवर्ष का विमोचन हुआ

**नीमच। नीमच के टाउन हाल स्थित सभागृह में संयुक्त विभाग पेंशनर संघ के द्वितीय वार्षिक सम्मेलन का आयोजन हुआ । जिसमें शहर के प्रख्यात प्रोफेसर एल.एन शर्मा के नवीन साप्ताहिक समाचार पत्र नमो मातृभूमि भारतवर्ष का विमोचन भी सम्पन्न हुआ ।** इस समाचार पत्र का उद्देश्य समाज में उत्पन्न विभिन्न कुरीतियों के खिलाफ व समाजोत्थान की दिशा में एक अनूठा प्रयास करना है।

साप्ताहिक समाचार पत्र नमो मातृभूमि भारतवर्ष का विमोचन सांसद सुधीर गुप्ता, नीमच विधायक दिलीप सिंह परिहार, जावद विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश सखलेचा, मनासा विधायक अनिरूद्ध माधव मारू, नगर पालिका अध्यक्ष स्वाति गौरव चौपड़ा व अन्य आगन्तुक अतिथियों के सानिध्य में संपन्न हुआ ।

इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने अपने उद्बोधन के माध्यम से समाचार पत्र की आवश्यकता और जरूरत के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अंत में सम्पादक एल.एन शर्मा ने सभी आगंतुक अतिथियों का आभार व्यक्त किया ।



## स्पोटर्स की गतिविधियों को ज्ञानोदय इंटरनेशनल स्कूल ने राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाया : सक्सेना

**नीमच।** नीमच जिले में खेलकूद की गतिविधियों को ज्ञानोदय इन्टरनेशनल स्कूल ने राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाया है। इस स्कूल के दो खिलाड़ी खुशी पाल सिंह और कीर्तिराज सिंह आज बास्केटबाल टीम में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं और आज हम अन्डर 17 लडकियों की बास्केटबाल टीम ने म.प्र. की सीबीएसई स्कूलों की टीम को पछाडते हुए गोल्ड मेडल जीता है उनका स्वागत और सम्मान कर रहे हैं। साथ ही अन्डर 17 फुटबाल टीम जितने ब्रोन्ज मेडल जीता है उनका भी सम्मान कर रहे हैं। मशीनरी व्यापारी संघ नीमच के अध्यक्ष बृजेश सक्सेना ने ज्ञानोदय अन्डर 17 बास्केटबाल टीम के गोल्ड मेडल जीतने के लिए आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किए।कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. पृथ्वी सिंह वर्मा ने टीम के विजेता बनने पर खुशी जाहिर की ।

**एक नजर** | प्रधान जिला न्यायाधीश राजपूत द्वारा नीमच में नव स्थापित फ्रंट ऑफिस का शुभारंभ

## न्याय तक समावेशी पहुँच की दिशा में एक सशक्त पहल



**नीमच। नवीन जिला न्यायालय परिसर, नीमच में विधिक सहायता की पहुँच को ओर अधिक सुलभ एवं प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए मंगलवार को नवीन जिला न्यायालय भवन के प्रांगण में स्थापित फ्रंट ऑफिस का विधिवत शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नीमच के अध्यक्ष श्री वीरेंद्र सिंह राजपूत द्वारा फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलन कर, किया गया।**

इस अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश श्री राजपूत ने कहा, कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा समय-समय पर समाज के कमजोर, वंचित एवं हाशिये पर खड़े वर्गों के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जाती हैं, जिनका उद्देश्य देश के प्रत्येक नागरिक को उसके संवैधानिक अधिकारों के तहत न्याय तक समान और सुलभ पहुँच उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि यह देखा गया है कि कई पक्षकार, जानकारी के अभाव में विधिक सहायता से वंचित रह जाते हैं। इसी आवश्यकता की पूर्ति हेतु नवीन जिला न्यायालय भवन में फ्रंट ऑफिस की स्थापना की गई है, जहाँ आने वाले पक्षकारों को उनके प्रकरण से संबंधित जानकारी, मध्यस्थता (मेडिएशन), लोक अदालतों की प्रक्रिया, निशुल्क विधिक सहायता, लीगल एड डिफेंस काउंसिल, पीड़ित प्रतिकर योजना, एवं अन्य योजनाओं के विषय में सरल भाषा में मार्गदर्शन दिया जाएगा। फ्रंट ऑफिस में लीगल एड डिफेंस काउंसिल के अधिवक्ताओं एवं पैरा लीगल वॉलंटियर्स की ड्यूटी लगाई जाएगी, जो आगंतुक पक्षकारों को विधिक सहायता की उपलब्धता, प्रक्रिया तथा प्रारंभिक सलाह प्रदान करेंगे।